# ज़ुल्म के ख़िलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : १८ | मुंबई, शुक्रवार, ०५ अप्रैल से ११ अप्रैल २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## पीएमओ ने मोदी के राष्ट्र को संबोधित करने के प्रसारण के लिए सूचित या अनुमति नहीं ली : ई.सी.आई

भारत के चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि अधिकारियों की एक समिति ने बुधवार को दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधित करने पर प्राप्त प्रतिक्रियाओं की जांच कर रही थी, जिसमें भारत को उपग्रह-रोधी मिसाइल क्षमता के सफल प्रदर्शन की घोषणा की गई थी।



समिति, जिसने अभी तक दो बैठकें की हैं, शुक्रवार की शाम तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की संभावना है कि क्या प्रधानमंत्री के भाषण की किसी भी सामग्री ने आदर्श आचार संहिता (एम.सी.सी) का उल्लंघन किया है। निष्कर्षों के आधार पर, ई.सी.आई अंतिम निर्णय लेगा।

एक संवाददाता सम्मेलन में, उप चुनाव आयुक्त, संदीपसक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अपने पते के प्रसारण के लिए न तो सूचित किया और नही ई.सी.आई से कोई अनुमति मांगी। मुद्दा उठाएजाने के बाद, ई.सी.आई ने इस मामले को देखने के लिए एक समिति गठित की। इसके बाद, समिति ने अपने फीड के स्रोत के बारे मेंजानने के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी को लिखा।तोह यह पता चला है कि राज्य प्रसारकों ने निजी इंटरनेटवीडियो पोर्टल भ्द्लऊलं के माध्यम से किए गएलाइव प्रसारण से फीड लिया था।

## कचरे में मिले १०० से ज्यादा आधारकार्ड

**मुंबई :** पालघर क्षेत्र के यशवंत नगर परिसर में शुक्रवार के दिन महालक्ष्मी मंदिर के समीप कचरे में १०० से ज्यादा लिफाफा बंद आधारकार्ड बरामद किए गए। सभी आधारकार्ड आदिवासी परिसर निवासियों के हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी तहसीलदार संतोष शिंदे को दी। तहसीलदार शिंदे ने तत्काल एक टीम भेजकर घटनास्थल का पंचनामा करवा कर कचरे में पड़े आधारकार्ड जप्त करके जांच के आदेश दिए हैं। जप्त सभी आधारकार्ड के लिफाफों पर डाक विभाग ने २०१२ की मुहर लगाई है। साफ है कि डाक विभाग के कर्मचारी ने संबंधित नागरिकों को आधार कार्ड वितरण करने की बजाय कचरे में फेंककर अपने फर्ज से पल्ला झाड़ लिया।

## विक्रोली पुलिस ठाणे की गिरफ्त में २४ घंटे में हत्या के आरोपी



**शाईस्ता शेख**

**मुंबई :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनूसार विक्रोळी पुलिस ठाणे की हद में ०२/०४/१९ आधी रात को कुछ अज्ञात व्यक्ति दुवारा एक व्यक्ति के गले पर चाकू से हमला कर उस की हत्या करदी गई थी.

मामले की जानकारी जैसे ही विक्रोली पुलिस ठाणे के वरिष्ठ अधिकारियो को मिली तो वो मौके वारदात पे पोहचे और (सी.आर) नंबर १७१/१९ यू / एस ३०२ भारतीय दंड संहिता आर / डब्ल्यू सेक्शन ३७(१),१३५ एम.पि एक्ट के तहत एफ़.आई.आर. दर्ज कर मामले की जांज प्रारंभ की गई.

मामले की गंभीरता को देखते हुवे विक्रोळी पुलिस ठाणे के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो के नेत्रोत में एक पुलिस दल तैयार किया गया. शुरू वाती जांज में मिरित्य वियक्ति की शनाख्त की गई. जांच तेज़ी से करते हुवे पुलिस दल ने तकनीकी मदद

**जांच दल**

**विक्रोळी पोलीस ठाणे वरिष्ठ पुलिस निरक्षक संजय जोशी,**

**सहायक पुलिस निरीक्षक सांडभोर, सहायक पुलिस निरीक्षक डाके, हेड कांस्टेबल सोनवणे, पि.एन. जेभय, पि.सी.पाटिल, हेड कांस्टेबल मसूरकर, पि.सी. देवरदे,पि.सी.जगदाले,**

और गुप्त सूत्रो की मदद से आरोपियों को २४ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में ले लिया. इस हत्या की गुत्थी सुलझाने में शाहूनगर पुलिस ठाणे ने जांच में मदद की है। इस अपराध की जांच की जा रही है।कि हत्या कियौ और किस मकसद से की गई है

## सावधान! चुनाव में बटेंगे नकली नोट

**आसिफ खान**

**ठाणे :** नोट के बदले वोट देनेवाले मतदाता सावधान हो जाएं। यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक बड़े पैमाने पर नकली नोटों का कारोबार शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल से नकली नोटों को लाकर मुंब्रा में खपाने की साजिश का भंडाफोड़ हो गया है। इस संबंध में पुलिस ने यूपी के दो नकली नोटों के सौदागरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से १५ लाख ७६ हजार मूल्य के २००० के ७८८ नोट बरामद किए हैं।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बड़े पैमाने पर नकली नोटों को खपाने की साजिश रची गई है। एक सूचना के आधार पर मुंब्रा पुलिस ने शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे मुंब्रा के दारुल फलाह मस्जिद के बगल स्थित हबीबा मंजिल के एक फ्लैट में छापेमारी की। फ्लैट में मौजूद यूपी के बिजनौर जिले के जौन कुमार छुन्नू लाल (४१) और दिलशाद शमसुद्दीन (२६) तथा हबीबा मंजिल निवासी जावेद अहमद शरीफ अहमद अंसारी (३०) को हिरासत में लिया। तलाशी में जौन कुमार के पास रखे एक बैग से २००० नोटों के ६ बंडल बरामद किए गए थे। बंडल में २००० के कुल ७८८ नोट थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को ५ अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक जौन कुमार तथा दिलशाद पश्चिम बंगाल से साढ़े तीन लाख की असली नोटों के बदले १५ लाख ७६ हजार के नकली नोट लेकर आए थे। स्थानीय निवासी जावेद की मदद से बरामद नकली नोटों को मुंब्रा सहित महाराष्ट्र के अन्य जगहों पर चुनावों के दौरान चलाने की योजना थी। यूपी के बिजनौर से उक्त दोनों आरोपियों के तार सक्रिय कई नकली नोटों के सौदागरों से जुड़े हैं। पुलिस पूछताछ में यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक फैले गिरोहों के कई सदस्यों के नामों का भंडाफोड़ होने की संभावना है।

## 'डी' के नाम पर घनघना रहा है 'काना' का फोन, मांग रहा है प्रोटेक्शन मनी

**जाफर शेख**

**मुंबई :** मुंबई के भवन निर्माताओं को एक बार फिर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के नाम पर धमकाए जाने की चर्चा रियल इस्टेट बाजारों में हो रही है। प्रोटेक्शन मनी के लिए भवन निर्माताओं के कार्यालय का फोन 'काना' के नाम से घनघना रहा है। दुबई से घनघनानेवाले इस 'काना' का नाम इंटरपोल के वांछित आरोपियों की लिस्ट में भी है। इंटरपोल की लिस्ट में इस 'काना' का नाम मदिया गुलाम हैदर दाऊद के नाम से दर्ज है। फिलहाल मुंबई पुलिस 'काना' पर नकेल कसने की तैयारी में है।

ग्लोबल टेररिस्ट दाऊद इब्राहिम अपने गुर्गों के जरिए एक बार फिर प्रोटेक्शन के नाम पर पैसे की मांग करने लगा है। रियल इस्टेट बाजारों में हो रही चर्चा की मानें तो दाऊद ने इसका जिम्मा अपने हू-ब-हू नाम से मिलनेवाले गुर्गे को सौंपा है। इस गुर्गे का नाम गुलाम हैदर दाऊद मदिया उर्फ काना बताया जाता है जो इन दिनों दुबई में बसा है। मूलरूप से मुंबई के रहनेवाले काना को देश की पुलिस के अलावा इंटरपोल भी ढूंढ रही है। इसका नाम ९३ बम धमाके में सामने भी आया था। एजाज पठान ने अपने बयान में इसका नाम मुंबई पुलिस के सामने उगला था। काना कुछ वर्ष पहले पुलिस के शिकंजे में आया था लेकिन पाकिस्तानी पासपोर्ट और दाऊद के रसूख के कारण बच निकला था। इसके बाद से ही वह भूमिगत हो गया था लेकिन अब भवन निर्माताओं के कार्यालय में आनेवाले प्रोटक्शन मनी के कॉल के बाद फिर इसका नाम सुर्खियों में आया है। इस पर आतंकी गतिविधियों में शामिल हत्या, अवैध, हथियार रखना और आपराधिक षड्यंत्र रचने जैसे गंभीर आरोप हैं। फिलहाल मुंबई पुलिस के आला अधिकारी 'काना' के संदर्भ में कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

## शराब के नशे में कार चला रही महिला गिरफ्तार?

**मुंबई :** सूत्रो से मिली जानकारी के अनूसार शराब के नशे में कार चला रही महिला ने सांताक्रूज़ पुलिस ठाणे के सामने ७ गाड़िओ को उड़ा दिया पकडे जाने पर लोगो से छगड़ा करने लगी देर रात को काली क्लोर हुंडई अस्त्रा जिस का कार नंबर (बी आर ०१ सी जी २५२५) रूही शैलेश कुमार सिंह नामक महिला शराब के नशे में कार चला रही थी नशे में महिला ने ३ कार ४ मोटर साइकल को उड़ा दिया दिया.

दुर्घटना के तुरंत बाद वहा के स्थानीय निवासी मौके पे पुँहचे और उस महिला को वहा से भागने से रोका तो शराब के नशे में धूत महिला उन लोगो से बत्तमीज़ी करने लगी तभी वहा खड़े लोगो ने उस महिला का वीडियो बना लिया जिसमे महिला ने कहा की 'उसने एक पुलिस वाले का नाम प्लेट बैच लेकर आई है जिसने उसे मारा है.

डैमेज कार मालिकों का कहना था की उनकी गाड़ियों का खर्चा दे दे बाकी उन्हें कुछ मतलब नहीं है. मोके वारदात पे सांताक्रूज़ पुलिस ठाणे के अधिकारी पुँहचे और मामले की जांच कर धरा २७९,४२७,५०४,के तहत एफ़.आई.आर.दर्ज की.

## रेल में हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनूसार गत दिनों पहले वसई विरार चलने वाली यात्री रेल में ४७ वर्षीय मथुरिबेन संथारा नमक महिला की अत्या करदी गई थाई पुलिस ने ने मामले की जांज कर १९ वर्षीय पिंटू सोनकर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद पिंटू सोनकर ने पुलिस को बताया की मथुरिबेन संथारा की विध्वा बेटी चंपा से वो पियर करता था परन्तु मथुरिबेन संथारा इस रिश्ते के खिलाफ थी जिस के चलते दोनों के दरमियान इस बात को लेकर रेल में बेहेस होगई और फिर पिंटू सोनकर ने मथुरिबेन संथारा पे धार दार चाक़ू से हमला कर वहा से फरार होगया फिर पिंटू सोनकर ने चम्पा और उस के बेटे को लेकर वहा से फरार हो गया पुलिस की जाँच पड़ताल में इस हत्या में चंपा की अभी तक कोई भूमिका सामने नहीं आई है पुलिस अभी भी तफ्तीश में लगी है की इस हत्या में और कोई तो शामिल नहीं था.

## एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, शासन पर मतदाता दर औसत से कम है

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), एक गैर सरकारी संगठन हैजो १९९९ में भारतीय प्रबंधन संस्थानों के प्रोफेसरों द्वारा गठित किया गया था, जो आज नागरिकों के लिए काम करनेवाला सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिकसंगठन है।

'राजनीतिक मार्केटिंग' के उदय केसाथ-साथ सोशल मीडिया पर और कैम्ब्रिज एनालिटिका जैसी अनैतिक परामर्श फर्मों के काम में इसकेपरिष्कार में अविश्वसनीय प्रगति हुई है -एडीआर जैसी संस्था, जो




पार्टी सेजुड़ाव रखती है और हमें मुख्य तथ्य देती है, केवल अधिक महत्वपूर्ण होजाते हैं।

वे 'इलेक्शन वॉच' चलाते हैं, जोउम्मीदवारों के साथ-साथ लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के विजेताओं की पृष्ठभूमि की रिपोर्ट प्रदान करता है। इन पृष्ठभूमि रिपोर्टों में आपराधिक, वित्तीय, शैक्षिक और आयकर विवरण शामिल हैं। वे एकपॉलिटिकल पार्टीज़ वॉच 'भी चलाते हैं, जो पार्टियों द्वारा प्राप्त २०,००० रुपये से ऊपर के सभी दान का विश्लेषण करती है। जहां नागरिक निगरानी को चकमा देनेके लिए हर संभव प्रयास किया जाता हैकड़ी आलोचना और सीमितपारदर्शिता से झूझते हुए एडीआर अच्छी लड़ाई लड़ रही है। यदि हमारा पूरा समर्थन नहीं जुटा पारहा है लेकिन फिर भी एडीआर हमारा ध्यान पाने का अधिकार रखता है।

## बिना सब्सिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर हुआ महंगा

नए वित्त वर्ष के साथ महंगाई की मार भी आपकी जेब पर पड़ने वाली है।१ अप्रैल से बिना सब्सिडी वाले १४.२ किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर के दाम ५ रुपये बढ़कर ७०६.५० रुपये प्रति सिलेंडर हो गया है। यह एक महीने के अंतर में (एल.पी.जी) की दरों में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले १ मार्च को ४२.५ रुपये प्रति सिलेंडर दाम बढ़ाए गए थे। एल.पी.जी सिलेंडर के साथ विमान ईंधन (ए.टी.एफ) की कीमत में भी १ फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। वैश्विक स्तर पर कीमतों में वृद्धि के बाद लगातार दूसरे महीने (ए.टी.एफ) के दाम बढ़ाए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की मूल्य के बारे में जारी अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में (ए.टी.एफ) की दर में १.०७ प्रतिशत या ६७७.१ रुपये प्रति किलोलीटर की वृद्धि की गई है। नई दर बढ़कर ६३,४७२,२२, रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। इससे पहले मा च में (ए.टी.एफ) के दाम ४,७३४,१५, रुपये प्रति किलो लीटर बढ़े थे।

## सूर्य की पड़ रही है वक्र दृष्टि, एक की मौत १५ पहुंचे अस्पताल

**मुंबई :** राज्य में इस समय भयंकर गर्मी पड़ रही है। आलम यह है कि पिछले १५ दिनों में रोजाना सूर्य की वक्र दृष्टि के चलते एक को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत पड़ रही है। जबकि हीट स्ट्रोक यानी उष्माघात के चलते संभाजीनगर में एक व्यक्ति को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। ऐसे में अब राज्य के लोगों को और सचेत रहने की जरूरत है क्योंकि क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार अगले ४ दिनों तक लू चलेगी।

बता दें कि मुंबई सहित राज्य के अन्य जिलों में पारा ४० डिग्री के पार बना हुआ है। मुंबईकरों को तो कुछ राहत मिल गई है लेकिन नागपुर, संभाजीनगर, वर्धा, बीड, परभणी आदि जिलों में पारा ४० डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहां के लोगों को लू के थपेड़े भी खाने पड़ रहे हैं। तेज धूप और लू लोगों के शरीर के पानी को सूखा दे रहे हैं। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ. प्रदीप आवते ने बताया कि राज्य में उष्माघात के चलते १५ दिन में १५ लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आई। इसमें से सबसे अधिक १३ लोग नागपुर से हैं जबकि एक लातूर और एक संभाजीनगर से है।



**क्या है हीट स्ट्रोक?**

हीट स्ट्रोक ऐसी अवस्था है, जिसमें पीड़ित के शरीर का तापमान अत्यधिक धूप या गर्मी की वजह से बढ़ने लगता है। हीट स्ट्रोक की स्थिति में शरीर की प्राकृतिक कुलिंग सिस्टम सुचारू रूप से काम करना बंद कर देती है, जिसकी वजह से शरीर का तापमान कम नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप शरीर का तापमान बढ़ता जाता है और अगर सही समय पर इलाज नहीं हो पाया तो मरीज की जान भी जा सकती है।

**हीट स्ट्रोक के कारण**

हीट स्ट्रोक तेज धूप या अत्यधिक गर्मी /तापमान के कारण होता है लेकिन हीट स्ट्रोक के और भी कई कारण होते हैं।

निर्जलीकरण, थाइराइड में असंतुलन पैदा होना, शरीर में रक्त शर्करा में कमी आना (ऐसा मधुमेह के मरीजों में होता है)।

**हीट स्ट्रोक के लक्षण**

गर्मी में या तेज धूप में काम करने के दौरान चक्कर आने लगे या उलटी-होने जैसा लगे।

## मुंबई नागपाडा में हसीना पारकर का ६०० वर्ग फूट का फ्लैट नीलाम

**मुंबई :** मुंबई नागपाड़ा मैं अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की बैहन हसीना पारकर के फ्लैट कि नीलामी हो गई है. हसीना पारकर का फ्लैट गार्डन हाल अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर था जो कि ६०० वर्ग फूट का था नीलामी की. शुरुआत कीमत १ करोड ६९ लाख ६२ हज़ार लगाई गई थी जो की १ करोड ८० लाख में बिका है. फ्लैट कि नीलामी सरकारी विभाग सफेमा यानि स्मगलर एंड फ़ौरन एक्सचेंज एक्ट के तहत की गई है. आप को याद दिला दे के ये वो ही फ्लैट है जिस में २०१४ को दावूद इब्राहीम की बेहेन हसीना ने अपनी आखरी सांस ली थी. हसीना की मौत के बाद इस फ्लैट में दावूद का भाई इक़बाल कास्कर रहता था. जिसे ठाणे पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा ने गिरफ्तार किया था.






TRADE INQUIRY TEL. 022-2679 2484 / 022-2679 6739

## संपादकीय

# सियासी नारों से आगे का जहां

गुजरे हफ्ते की शुरुआती शाम कानपुर के सियासी हलकों में अचानक सनसनी मचनी शुरू हुई। 'वाट्सएप' पर अंग्रेजी में लिखा दो पंक्तियों का खत नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और समाज के चुनिंदा लोगों के बीच घूम रहा था, जिसका मजमून था. भारतीय जनता पार्टी के महासचिव (संगठन) श्री रामलाल ने आज मुझे सूचित किया है कि मुझे कानपुर या कहीं और से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।


खत के प्रेषक में भले ही नाम मुरली मनोहर जोशी का दर्ज था, पर उनके हस्ताक्षर नदारद थे। राजनीति के खिलाड़ी जानते हैं, बिना दस्तखत वाली चिट्ठी के भी गहरे सियासी मायने होते हैं। जाहिर है कि कानपुर में टिकट की घोषणा से पूर्व जोशीजी जता देना चाहते थे कि मुझे टिकट नहीं दिया गया है और मैं लालकृष्ण आडवाणी की तरह गुपचुप इस कड़वे सच को स्वीकार नहीं करूंगा। उन्हें यह कहने में भी संकोच नहीं था कि मेरा टिकट कटा है। जाहिर है, जाते-जाते प्रोफेसर जोशी कानपुर के नए भाजपा प्रत्याशी सत्यदेव पचौरी की राह में रोडे़ बिछा गए।

ऐसा नहीं है कि यह प्रतिरोध सिर्फ कानपुर में दिखाई पड़ा हो। माना जा रहा था कि दक्षिण बेंगलुरु से स्वर्गीय अनंत कुमार की पत्नी तेजस्विनी को भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ाया जाएगा। वह चुनावी समर की तैयारी में महीनों से जुटी थीं। राजनीति में पति के स्थान पर पत्नी अथवा अन्य किसी परिवारी जन को लड़ाना जन-सहानुभूति हासिल करने का आजमाया हुआ फॉर्मूला है, मगर जब सूची आई, तो श्रीमती कुमार का नाम नदारद था। पहले तो वह भड़कीं, पर बाद में उन्होंने इस फैसले को अंगीकार करते हुए कहा कि मुझे यह स्वीकार है, क्योंकि इसी से साबित होता है कि हम 'पार्टी विद डिफरेन्स' हैं। इसी तरह, अपने शहर पटना में कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद को भी कुछ लोगों ने काले झंडे दिखाए। बताया जाता है कि इन प्रदर्शनकारियों के पीछे पार्टी के एक राज्यसभा सदस्य की प्रेरणा थी। पता नहीं कैसे, उन्हें यह इलहाम था कि बगावती शत्रुघ्न सिन्हा की जगह कमल दल उन्हें पटना साहिब से उतारेगा। ये तीन उदाहरण नामचीन लोगों से संबंधित हैं। ऐसे छिटपुट विरोध जगह-जगह हुए, पर राष्ट्रीय मीडिया की नजर उन पर न पड़ सकी। पिछले दिनों अमित शाह जब आगरा में रैली कर रहे थे, तब 16वीं लोकसभा में फतेहपुर सीकरी का प्रतिनिधित्व करने वाले चौधरी बाबूलाल किरावली में पृथक पंचायत कर रहे थे। चौधरी बाबूलाल का टिकट काट दिया गया है। वह इलाके के फायर ब्रांड नेता माने जाते हैं और अभी तक उनके तेवर बगावती हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि जिस सूची से जोशीजी का नाम नदारद था, उसी में 'डफली गर्ल' जयाप्रदा का नाम शामिल था। जयाप्रदा ने एक दिन पहले ही भगवा पार्टी की सदस्यता ली थी। वह रामपुर से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से मोर्चा लेंगी। कभी आजम खां ने उनको रामपुर से चुनाव लड़ाकर जितवाया था, पर राजनीतिक दोस्तियों और दुश्मनियों की मियाद अनिश्चित होती है। अपने निर्वाचन क्षेत्र से वफादारी भी समय-समय का फेर है। ऐसा न होता, तो दो बार पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी मेनका गांधी अपने पुत्र वरुण के लिए सीट छोड़कर सुल्तानपुर न गई होतीं। वरुण पिछली बार सुल्तानपुर से सांसद थे, पर शायद उन्हें वहां की लड़ाई कठिन लगी और अब मेनका वहां अपने सियासी अनुभव और वजन का प्रयोग करती नजर आएंगी। असंतोष के बगूले महज भाजपा में नहीं फूट रहे। अन्य दल भी इस महारोग के शिकार हैं। यही वजह है कि ऐन वक्त पर तमाम नेता दल, निर्वाचन क्षेत्र अथवा गुट बदलते नजर आ रहे हैं। उनकी परेशानी का एक और कारण है। मतदाता ने मुट्ठी बंद कर रखी है, लिहाजा कोई एक मुद्दा सियासी फिजां में बहुत देर तक असरकारी साबित नहीं हो रहा। यही नहीं, शहरों और गांवों के सियासी विमर्श में बहुत अंतर है। नगरीय मतदाता जहां एयर स्ट्राइक, पुलवामा और राष्ट्रवाद के साथ सियासी शख्सियतों की तुलना करता नजर आ रहा है, तो वहीं गांवों में मुद्दों की प्रधानता है। वहां का वोटर अपनी दिक्कतों के साथ जातीय स्वाभिमान को भी नहीं बिसराना चाहता। यही वजह है कि 2019 के चुनाव पुराने ढर्रे पर लौट रहे हैं।

# बॉलीवुड समाचार



## महेश भट्ट को मारने की कोशिश करने वाले गैंगस्टर को अमेरिका से निकाल देने (डिपोर्ट) की खबर



**मुंबई :** फिल्म निर्माता करीम मोरानी पर गोलीबारी के२०१४ के एक मामले में मुख्य आरोपी और फिल्म निर्माता महेश भट्ट को मारने की साजिश रचने केमुख्य आरोपी ओबैद रेडियोवाला को एक या दो दिनमें अमेरिका से बाहर निकाल दिया जायेगा ।

न्यू जर्सी के एक व्यापारी, रेडिओवाला, जिन्हें उनकेउपनाम ओबैद मर्चेंट के नाम से भी जाना जाता है,को अवैध प्रवास के लिए २०१७ में अमेरिकी इमीग्रेशन और सीमा शुल्क प्रवर्तन द्वारा गिरफ्तारकिया गया था।

न्यू जर्सी में आव्रजन (इमीग्रेशन) अदालत ने उनके निर्वासन का आदेश दिया। जबकि मुंबई पुलिस रेडिओवाला के मामले में बेसब्री से इंतज़ार कर रही है। वे दाऊद इब्राहिम के भाई नूरा कासकर के बेटे सुहैल कासकर पर अमेरिका के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। 'रेडिओवाला के खिलाफ दो रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) लंबित थे। विदेश मंत्रालय मामले को संभाल रहा है। हमें बताया गया है कि उन्हें एक या दो दिन में निर्वासित किए जाने की संभावना है।

भट्ट और मोरानी के अलावा, गैंगस्टर ने अभिनेता शाहरुख खान और फिल्म निर्माता फराह खान को अपने सहयोगी सुनील रानियाल उर्फ बिट्टू सिंह, जो कि न्यू जर्सी में रहते हैं, के लिए फिल्म 'हैप्पी न्यू ईयर' का विदेशी अधिकार पाने के लिए भी निशाना बनाया।



## मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए इरफान खान, मीडिया के लिए चेहरे का हटाया नकाब

**मुंबई:** अभिनेता इरफान खान, जो एकनिम्न प्रोफ़ाइल रखते हैं और एक परदे के पीछे अपना चेहरा छिपाकर मीडिया से दूरी बनाए रखते रहें हैं, आखिरकार मंगलवार को शटर बग्स का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्हें यहां हवाई अड्डे के बाहर स्पॉट किया गया था।

मंगलवार के दिन इरफान को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उनके चेहरे का निचला आधा हिस्सा पहले एक कालेरंग के मुखौटे से ढका था, लेकिन बादमें उन्होंने इसे पत्रकारों के लिए हटादिया।

लंदन में न्यूरो एंडोक्राइन ट्यूमर का इलाज कराने के बाद इस साल की शुरुआत में भारत लौट आए 'पिकू' अभिनेता ने गुलाबी रंग की टी-शर्ट में स्वास्थ्य के रंग में खिले हुए दिखे, जिसे उन्होंने पुष्प प्रिंट शर्ट और डेनिम जींस के साथ दर्शाया।

निजी भारतीय समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया, 'इरफान निजी काम के लिए राजस्थान जा रहे थे।' इस बात की चर्चा है कि इरफान जल्द ही लंदन में करीना कपूर खान के साथ अपनी २०१७ की फिल्म 'हिंदी मीडियम' की अगली कड़ी की शूटिंग शुरू करेंगे।

## सारा ने शाहरुख खान को कहा अंकल, सोशल मीडिया पर मचा घमासान



**सारा** अली खान ने फिल्म इंडस्ट्री में शानदार शुरुआत केदारनाथ फिल्म से कर दी है. उन्हें पहली ही फिल्म के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. अवॉर्ड समारोह के दौरान उन्होंने फिल्मफेयर के बारे में बात करते हुए एक जगह पर शाहरुख खान को अंकल कह दिया. इसके बाद शाहरुख खान के प्रशंसकों को ये बात हजम नहीं हुई. उन्होंने सारा का विरोध किया. वहीं सारा के प्रशंसक अपनी फेवरेट एक्ट्रेस के बचाव में नजर आए.

सारा ने स्पीच के दौरान कहा था- ''मेरे पिता शाहरुख अंकल के साथ फिल्मफेयर होस्ट किया करते थे. मुझे ये अच्छा लगता था.'' सारा की इस बात पर तरह तरह के कमेंट आने लग गए. शाहरुख खान के कई सारे फैन्स ने सारा को इस बात की नसीहत दी कि उन्हें शाहरुख को अंकल कह कर नहीं बुलाना चाहिए. ऐसे प्लेटफॉर्म पर अंकल की जगह सर शब्द ज्यादा अच्छा होता. उन्होंने काफी गलत समय पर शाहरुख को अंकल कह कर संबोधित किया. वहीं सारा के कई सारे फैन्स उनके बचाव में आए और उन्होंने इस मामले पर अलग ही दलील पेश की. एक शख्स ने कहा- आप २३ साल की एक लड़की से ये कैसे एक्सपेक्ट कर सकते हैं कि वो अपने पापा से भी बड़े उम्र के एक्टर को और क्या कह कर बुलाएगी. स्टुपिड फैन्स को ये समझना होगा कि शाहरुख खान की इतनी उम्र हो चुकी है कि उन्हें अंकल कह कर बुलाया जाए. बता दें कि भले ही सारा अली खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए बहुच जरा सा वक्त ही बीता हो, मगर उन्होंने काफी फैन फॉलोइंग बना ली है. जिस तरह से वे बेबाक लहजे और चुलबुले अंदाज में नजर आती हैं लोग उन्हें पसंद करते हैं. फिलहाल सारा दिल्ली में कार्तिक आर्यन के साथ अपने अगले फिल्म की शूटिंग कर रही हैं.

## मीना कुमारी ने धर्मेंद्र को सिखाई थी एक्टिंग, संवारा था उनका करियर



**बॉलीवुड** की मशहूर अदाकारा मीना कुमारी का जन्म १ अगस्त को दादर (मुंबई) में हुआ था. उनका असली नाम महजबीं बानो था. मीना की आखिरी फिल्म पाकीजा थी जिसके रिलीज होने के एक महीने बाद ३१ मार्च को उनका निधन हो गया था. बताया जाता है कि जब मीना कुमारी का जन्म हुआ था कि उनके पिता अली बख्श और मां इकबाल बेगम के बास डॉक्टर को देने के लिए पैसे तक न थे. दोनों ने यह तय कर लिया था वह बच्ची को मुस्लिम यातीमखाने में दे देंगे. देकर आ भी गए लेकिन पिता का मन नहीं माना और वापस जाकर बच्ची को घर ले आए.

मीना ने ७ साल की छोटी उम्र से ही फिल्मों काम करना शुरू कर दिया था. उन्होंने पहली फिल्म फरजद ए हिंद में काम किया था.

बैजू बावरा फिल्म से उन्हें खासा पहचान मिली. यह फिल्म १९५२ में रिलीज हुई थी. इसके बाद लगातार सफलता की सीढ़िया चढ़ती गई. १९५१ में तमाशा फिल्म के सेट पर मीना कुमारी की मुलाकात डायरेक्टर कमाल अमरोही से हुई. अगले साल ही दोनों ने शादी कर ली. शादी के बाद कमाल ने मीना कुमारी पर शक करना शुरू कर दिया और कई पाबंदियां लगा दी. जैसे-तैसे इन दोनों का यह रिश्ता चलता रहा. १९६४ में दोनों का तलाक हो गया.

पति कमाल अमरोही से अलग होने के बाद मीना की नजदीकियां धर्मेंद्र से बढ़ने लगी. धर्मेंद्र शादीशुदा स्ट्रगलिंग एक्टर थे और मीना टॉप की एक्ट्रेस. कहा जाता है कि धर्मेंद्र को इंडस्ट्री में खड़ा करने का श्रेय मीना को ही जाता है. मीना ने उन्हें एक्टिंग की बारीकियां सिखाई थी. जानकारी के अनुसार मीना कुमारी ने १९६६ में आई फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र को लेने की सिफारिश की थी. यह फिल्म उस साल की सबसे बड़ी हिट साबित हुई और धर्मेन्द्र इंडस्ट्री में पूरी तरह स्टेबलिश हो गए. धर्मेंद्र के करियर के साथ दोनों का रिश्ता भी चल पड़ा. लेकिन तीन साल बाद ही दोनों ने अपने अपने रास्ते अलग कर लिए.

## IPL 2019: आठ मैचों में ही 'सिक्स की सेंचुरी' पूरी, आंद्रे रसल सिक्सर किंग



**नई दिल्ली :** बात टी२० के सबसे ग्लैमरस टूर्नमेंट आईपीएल की हो रही हो और बल्लेबाजों की ओर से बरसते छक्कों का जिक्र नहीं आए, ऐसा नहीं हो सकता। जहां आईपीएल है, वहां सिक्सर हैं। आईपीएल-२०१९ का सीजन पूरे टूर्नमेंट के इतिहास में सबसे तेज गति से १०० सिक्स जड़े जाने के लिहाज से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आ गया है। राजस्थान के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल-१२ का सौंवा सिक्सर जड़ा। शुक्रवार को हैदराबाद के खिलाफ अपनी ७० रनों की पारी के दौरान रहाणे ने स्पिनर शहबाज नदीम की गेंद पर सिक्स जड़कर इस आईपीएल में 'छक्कों का शतक' पूरा किया। मौजूदा टूर्नमेंट के आठ मैचों की १५ इनिंग्स में १०० सिक्स का यह आंकड़ा छुआ गया। जबकि आईपीएल-२०१७ में भी कुल १५ पारियों में ही १०० सिक्सर का रेकॉर्ड बना था। आईपीएल के अब तक के इतिहास में सबसे तेज रफ्तार से १०० सिक्स २०१५ में जड़ा गया जब मुंबई इंडियंस की तरफ से हरभजन सिंह के बल्ले से टूर्नमेंट की १४वीं इनिंग्स में १००वां सिक्स निकला। मौजूदा आईपीएल में अब तक ४५ बल्लेबाज सिक्स लगा चुके हैं, लेकिन १५ सिक्सर के साथ सबसे आगे चल रहे हैं कोलकाता नाइट राइडर्स के आंद्रे रसल। जबकि पंजाब के बिग हिटर क्रिस गेल १० सिक्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। केकेआर के नीतिश राणा ने भी १० सिक्स लगाए हैं। जहां तक टीमों का सवाल है तो टूर्नमेंट में ३० मार्च तक खेले गए मैचों के बाद सबसे ज्यादा सिक्स केकेआर के खाते में ही हैं। टूर्नमेंट में अब तक १० मैचों में लगे १३७ छक्कों में से केकेआर की ओर से ३७ सिक्स लगे हैं। टीमों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के लिए सबसे अधिक ६ खिलाड़ियों ने छक्के लगाए हैं।

### रोहित शर्मा पर स्लो ओवर रेट के कारण लगा १२ लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली : किंग्स इलेवन पंजाब (KXIP) के खिलाफ मिली हार के बाद मुंबई इंडियंस (श्घ) के कप्तान रोहित शर्मा को एक और झटका लगा है। पंजाब के खिलाफ मुंबई की टीम ने तय समय पर २० ओवर पूरे नहीं कर सकी थी। इस वजह से कप्तान रोहित पर स्लो ओवर रेट के कारण १२ लाख रुपये जुर्माना लगा है। रोहित पर यह जुर्माना आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने लगाया है। इंडियन प्रीमियर लीग ऑफिशल की ओर से जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, 'इंडियन प्रीमियर लीग (घ्इ्थ) की आचार संहिता के तहत स्लो ओवर रेट के अपराध के चलते उनकी टीम का इस सीजन में यह पहला अपराध था।

## IPL 2019: पृथ्वी साव ने खेली ९९ रनों की पारी, दिल्ली ने दर्ज की 'सुपर जीत'



**नई दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के पृथ्वी साव ने फिरोजशाह कोटला मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ९९ रनों की पारी खेली। साव अनलकी रहे कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में अपना पहला शतक पूरा नहीं कर पाए। साव ने ५५ गेंदों की अपनी पारी में १२ चौके और तीन छक्के लगाए। उनकी पारी ने दिल्ली को मजबूत आधार दिया और १८५ के स्कोर तक पहुंचने में मदद की। वह १९वें ओवर में आउट हुए। दिल्ली के कप्तान श्रेयर अय्यर ने टॉस जीतकर कोलकाता को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। कोलकाता की शुरुआत खराब रही और एक समय पर वह ६१ रनों पर पांच विकेट खोकर संकट में था। इसके बाद आंद्रे रसल और कप्तान दिनेश कार्तिक ने मिलकर कोलकाता की पारी को संकट से निकाला और ८ विकेट पर १८५ रनों के स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली के लिए शिखर धवन १६ रन बनाकर जब आउट हुए तब टीम का स्कोर २७ रन था। इसके बाद साव और दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मिलकर टीम की पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए ८९ रनों की साझेदारी की। ऐसे समय पर दिल्ली की टीम के लिए जीत निश्चित नजर आ रही थी। अय्यर ३२ गेंदों पर ४३ रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन दूसरे छोर पर साव की आक्रमक बल्लेबाजी जारी रही। ऋषभ पंत ने साव का अच्छा साथ दिया। दोनों ने बीच तीसरे विकेट के लिए ५४ रनों की साझेदारी हुई। हालांकि इस साझेदारी में साव ही अधिक आक्रामक रहे। पंत ११ रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर बड़ा शॉट मारने के चक्कर में आउट हो गए। इसके बाद दिल्ली को १० गेंदों पर १२ रन चाहिए थे जब साव एक पुल करने के प्रयास में आउट हो गए। ल्यूकी फर्ग्युसन की गेंद को ऑन साइड पर खेलने गए लेकिन गेंद ने बल्ले का ऊपरी किनारा लिया और विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने विकेट के पीछे दौड़ लगाते हुए अच्छा कैच किया। साव अपने शतक से महज एक रन चूक गए। अगर वह शतक बना लेते वह आईपीएल में यह मुकाम हासिल करने वाले सबसे युवा क्रिकेटर होते। आखिरी ओवर में दिल्ली को जीत के लिए ६ रन चाहिए थे लेकिन कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी की। कैपिटल्स इस ओवर में सिर्फ पांच रन ही बना सके। इस ओवर में दिल्ली के दो बल्लेबाज आउट हुए। हनुमा विहारी बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में कैच आउट हुए। वहीं आखिरी गेंद पर जब दिल्ली कैपिटल्स को दो रन चाहिए थे तब कॉलिन इनग्रम दूसरा रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। सुपर ओवर में कोलकाता की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने १० रन दिए और इसके बाद कागिसो रबाडा ने केकेआर को सात रन ही बनाने दिए।

# संक्षिप्त न्यूज

## मीरा-भाइंदर में दम तोड़ती 'आरटीई'

**भाइंदर :** आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च दर्जे का शिक्षण मिले, इसके लिए राज्य सरकार ने 'शिक्षा का अधिकार' (आरटीई) के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। इस प्रवेश प्रक्रिया को मीरा-भाइंदर में उचित प्रतिसाद नहीं मिल रहा है। इस वर्ष स्कूलों में प्रवेश के लिए मात्र १६० आवेदन ही शिक्षा विभाग को प्राप्त हुए, जिनमें से ७० पात्र विद्यार्थियों के आवेदन मान्य किए गए हैं। इस योजना का अत्यल्प प्रतिसाद मिलने में ठाणे जिले में मीरा-भाइंदर दूसरे क्रमांक का शहर सिद्ध हुआ है। इस योजना का सबसे कम प्रतिसाद मुरबाड़ में मिला, जहां सिर्फ ५१ आवेदन ही प्रवेश के लिए प्राप्त हुए और सर्वाधिक प्रतिसाद अंबरनाथ शहर को मिला, जहां १ हजार १२४ आवेदन प्राप्त हुए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश देने के लिए मीरा-भाइंदर शहर में ९१ स्कूलों का चयन किया गया है, जिनमें दुर्बल घटक के विद्यार्थियों के लिए १ हजार ३१४ जगह आरक्षित रखी गई हैं। इस योजना को उचित प्रतिसाद नहीं मिलने के पीछे इस योजना की जानकारी सर्व साधारण जनता तक नहीं पहुंचाने तथा योजना के बारे में जानकारी देने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए जाने के आरोप किए जा रहे हैं, वहीं मीरा-भाइंदर मनपा के शिक्षा विभाग का कहना है कि इस योजना की जानकारी सर्वत्र पहुंचाई गई है लेकिन कई पालकों के पास प्रवेश के लिए आवश्यक कागज-पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण उनके बच्चों को स्कूलों में प्रवेश नहीं दी जा सकी।

## काली-पीली ४० प्रतिशत डाउन, २ साल में १० गुना बढ़ी ऐप आधारित टैक्सियां

**मुंबई :** किसी जमाने में मुंबई की शान मानी जानेवाली काली-पीली टैक्सियों की वर्तमान स्थिति कुछ ठीक नहीं है। मुंबई में ऐप आधारित ओला-उबर जैसी निजी टैक्सी कंपनियों के पांव पसारने से ४० प्रतिशत काली-पीली टैक्सियां डाउन हो गई हैं यानी वे सड़कों से नदारद हैं। पिछले २ साल में जहां सड़कों पर काली-पीली टैक्सियों में भारी गिरावट देखी जा रही है, वहीं ओला-उबर टैक्सी इस दौरान १० गुना बढ़ी हैं। जानकारी के मुताबिक साल २०१६ की अपेक्षा साल २०१८ में काली-पीली टैक्सियों की संख्या ३६,००० से घटकर १८ हजार पर आ पहुंची है जबकि ऐप आधारित ओला-उबर टैक्सियों की संख्या इस दौरान ३७,२२९ से बढ़कर ७३,५९१ हो गई है। वहीं मुंबई में अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट में बेस्ट बस की संख्या ३,२४६ और ऑटोरिक्शा की संख्या २.१ लाख है। ओला-उबर के अधिकारियों का मानना है कि इन दो सालों में ओला-उबर ऐप आधारित कैब की संख्या में ९७ प्रतिशत वृद्धि हुई। वहीं रोजाना ऐप आधारित टैक्सियों से ३.५ लाख लोग सफर करते हैं, जबकि काली-पीली टैक्सी से रोजाना सफर करनेवाले यात्रियों की संख्या ३६ हजार के करीब है। वहीं आरटीओ अधिकारियों की मानें तो ऐप आधारित कैब का पंजीकरण मार्च २०१९ में ७५ हजार के करीब है। ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञों का कहना है कि काली-पीली टैक्सी के सड़कों से नदारद होने के पीछे की एक अहम वजह यात्रियों का भाड़ा न ले जाने की है। जहां तक बात ओला-उबर जैसे ऐप आधारित टैक्सियों की है तो आधी रात को भी आपको ओला-उबर मिल जाएगी जबकि काली-पीली टैक्सी की कोई गारंटी नहीं है। यही वजह है कि काली-पीली के अपेक्षा ओला-उबर की डिमांड बढ़ रही है।

## वकील से की 24 लाख रुपये की ठगी

**मुंबई :** जुहू पुलिस ने खार निवासी एक वकील की शिकायत पर कुछ लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। इनके नाम वीरेंद्र विश्वाडिया, दिव्यकांत विश्वाडिया, तुषार पांचाल, कमलेश पटेल और वासराम वासवडिया बताए जा रहे हैं। आरोप है कि ये लोग अधिक ब्याज का लालच देकर वकील के साथ 24 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हो गए। इन्होंने जेपीवी कैपिटल इन्वेस्टमेंट नामक कंपनी की स्थापना की और लोगों को कंपनी की विभिन्न योजनाओं में आकर्षक निवेश करने पर भारी मुना?फा मिलने का लालच दिया। इस दौरान इन आरोपियों के हाथ पीड़ित वकील के 24 लाख रुपये लग गए। हालांकि, कुछ दिन बाद वकील को पता चला कि वे लोग कार्यालय छोड़कर भाग गए हैं। इसके बाद वकील को ठगे जाने का अहसास हुआ और उन्होंने सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 409 और 120 (बी) के तहत मामला दर्ज कराया। जुहू पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## जब्त 100 किलो सोने का निकला दुबई कनेक्शन

**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शुक्रवार को मुंबई के डोंगरी इलाके में 106.9 किलोग्राम सोना जब्त किया था। इस केस का अब दुबई कनेक्शन निकला है। इस केस में गिरफ्तार आरोपियों में से दो शोएब और अब्दुल अहद जारोदरवाला ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उन्हें निसार अलियार नाम के एक आदमी से 200 किलोग्राम से अधिक तस्करी का सोना मिला था। बाद में निसार ने दुबई से भारत में 200 किलो सोने के तस्करी की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ ने अतीत में दलाली पर थोक बाजार में तस्करी का सोना बेचा और उनके ग्राहकों में से एक राजू उर्फ मनोज जैन भी था, जिसने पूर्व में इनसे लगभग 100 किलोग्राम तस्करी का सोना खरीदा था। इस मामले में अकील फ्रूटवाला और हैप्पी धाकड़ नाम के व्यक्तियों की संलिप्तता भी सामने आई। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## प्रियंका पर स्मृति का हमला, राम को प्रणाम करने की हिम्मत नहीं

**बदायूं:** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को अयोध्या में होने के बावजूद रामलला के दर्शन नहीं किए थे। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने उन पर निशाना साधा है। स्मृति इरानी ने शनिवार को कहा कि जो राम को प्रणाम करने की हिम्मत नहीं कर सकता, वह रामभक्तों का वोट नहीं ले पाएगा।

भाजपा नेता आंवला लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के लिए चुनावी प्रचार करने पहुंची थीं। इस दौरान प्रियंका गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अयोध्या तक गए, लेकिन रामलला के सामने शीश नहीं झुकाया और कहा कि इससे हमारा वोटबैंक नाराज हो जाएगा। जो वोटबैंक के नाराज होने के डर से रामलला को प्रणाम करने की हिम्मत नहीं कर सकता, वह रामभक्तों का वोट नहीं ले पाएगा। मतदान वाले दिन रामभक्त पोलिंग बूथ तक जाएगा और विकास को अपना वोट देकर आएगा। स्मृति इरानी ने दावा किया कि रामलला के वजूद का प्रमाण मांगने वाले जो लोग कांग्रेस के शासनकाल में अदालतों में इस दावे को लेकर दस्तावेज देते थे, वे ही अब रामभक्त बनकर घूम रहे हैं।

## ट्रक से कुचलकर सुरक्षा गार्ड की मौत

**रामपुर :** रामपुर रोड पर ट्रक से कुचलकर एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। लालकुआं थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दूचौड़ बमेठा बंगर निवासी कुंदन सिंह (55) पुत्र किशन सिंह रामपुर रोड स्थित नैनीताल मोटर्स में गार्ड की नौकरी करता था। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहा था। वह रामपुर रोड स्थित पंचायत घर से आगे पहुंचा था कि सामने से आ रहे ट्रक (यूके04-सीए-1724) ने उसे टक्कर मार दी। इससे कुंदन सिंह ट्रक के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर टीपी नगर चौकी इंचार्ज सुशील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी शिनाख्त कर परिजनों को हादसे की सूचना दी। साथ ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया। इधर परिजनों ने देर शाम कुंदन सिंह का राजपुरा स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। कुंदन सिंह के ज्येष्ठ पुत्र वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# सायन फ्लाई ओवर का काम, सड़क का ट्रैफिक होगा जाम! रहेगा २ महीने बंद

**मुंबई :** मुंबई में चल रहे मेट्रो निर्माण कार्यों के चलते पहले से ही सड़कों पर हो रही ट्रैफिक की समस्या से मुंबईकर परेशान हैं। हाल ही में सायन फ्लाई ओवर का स्लैब गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद फ्लाई ओवर पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस घटना के बाद सायन फ्लाई ओवर को दो महीने के लिए बंद रखने का फैसला एमएसआरडीसी ने लिया है। इस फैसले से फ्लाई ओवर के निर्माणकार्य के दौरान सड़क का ट्रैफिक और भी जाम होने की गुंजाइश बढ़ गई है।

बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास कॉरपोरेशन दो महीने के लिए सायन फ्लाई ओवर को बंद करने जा रहा है। सायन फ्लाई ओवर २० अप्रैल से २० जून तक बंद रहेगा। इस ब्रिज के बंद होने से मुंबईकरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इस फ्लाई ओवर से होकर रोजाना हजारों वाहन मुंबई की ओर जाते हैं। हाल ही में सायन फ्लाई ओवर का स्लैब गिरने से एमएसआरडीसी ने भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा दी है। जानकारी के मुताबिक १.१ किमी लंबे सायन फ्लाई ओवर के लगभग १७० बैरिंग बदले जाएंगे और इस काम को पूरा करने में करीब २ महीने का समय लगेगा। फ्लाई ओवर बंद होने से व्यस्ततम समय में सड़कों पर भारी ट्रैफिक होने की आशंका है। हालांकि मुंबई ट्रैफिक पुलिस यातायात को सुव्यवस्थित चलाने के लिए बैरिकेड लगाने सहित ट्रैफिक मैनेजमेंट की योजना बना रही है। सायन फ्लाई ओवर लगभग २९ साल पुराना है। फिलहाल फ्लाई ओवर की बैरिंग बदलने के लिए ६ करोड़ रुपए का खर्च आएगा।



## सुरक्षित है माटुंगा का ब्रिज

**मुंबई :** माटुंगा रेलवे स्टेशन से सटे फुटओवर ब्रिज में दरार की जानकारी सामने आने के बाद प्रशासन ने आवाजाही पर रोक लगा दी है। यह जानकारी सामने आने के बाद मनपा ने इस ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मनपा ने इस ब्रिज को यात्री सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित बताया है। इस ब्रिज का इस्तेमाल रोजाना ६० से ७० प्रतिशत माटुंगा के स्थानीय लोग करते हैं। मनपा अधिकारियों ने कहा है कि इस ब्रिज की ८ दिन निगरानी की जाएगी। मनपा के इंजीनियरों का कहना है कि ब्रिज में मामूली दरार आई है, जो कि यात्री सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित है। बता दें कि सरकार द्वारा किए गए सर्वे में माटुंगा का यह ब्रिज असुरक्षित ब्रिज की लिस्ट में शामिल नहीं था। इस ब्रिज से गुजरनेवाले वाहन चालकों का कहना है कि जब वे इस ब्रिज से गुजरते हैं तो ब्रिज हिलता है जैसे भूकंप आ रहा हो।

## बच्ची को पीटने वाली आया को १० साल की सजा

संवाददाता

**नवी मुंबई :** खारघर सेक्टर १० स्थित पूर्वा प्लेग्रुप व नर्सरी की आया अफसाना नासिर शेख को रायगड जिले के अलिबाग सत्र न्यायालय ने १० साल सश्रम कारावास और १ हजार रुपये दंड की सजा सुनाई है। उसपर करीब ढाई साल पहले १० महीने की बच्ची को बेरहमी से पीटने का आरोप लगा था। यह घटना २१ नवंबर १६ की बताई जाती है, जब अफसाना की पिटाई से रितीशा सिन्हा नामक बच्ची के सर में गंभीर चोट लग गई थी। इस घटना का खुलासा प्लेग्रुप में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुए फुटेज से हुआ था। इसके बाद यह घटना सोशल मीडिया में वायरल हो गई थी। इसका खुलासा होते ही खारघर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्वा प्लेग्रुप व नर्सरी की मालकिन प्रियंका निकम, प्रवीण निकम व आया अफसाना नासिर शेख के विरुद्ध आईपीसी की धारा ३०७ व ३२५ के तहत मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की सुनवाई रायगड जिले के अलिबाग सत्र न्यायालय में हो रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने अफसाना को १० साल सश्रम कारावास और १ हजार रुपये दंड की सजा सुनाई, जबकि प्रियंका और प्रवीण निकम को निर्दोष मानते हुए मुक्त कर दिया। २१ नवंबर'१६ की यह घटना मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में फैल गई थी।

## रेलवे ने तोड़ा अपना ही रेकॉर्ड, कबाड़ से कमाए ५३७ करोड़

संवाददाता

**मुंबई :** स्टेशनों और यार्ड में पड़े भंगार, लोहे के स्क्रैप और कबाड़ को देखकर आपको लगता होगा कि इन सड़ी हुई चीजों को रेलवे कबाड़ वाले को क्यों नहीं देती है। वैसे, रेलवे इस रद्दी भंगार को कबाड़ वाले को ही बेचती है, लेकिन इसे खरीदने के लिए बाकायदा बोलियां लगती हैं। इन बोलियों से इस बार सबसे ज्यादा पैसे पश्चिम रेलवे ने कमाए हैं। पश्चिम रेलवे ने कबाड़ को बेचकर ५३७ करोड़ रुपये कमाए हैं। जीरो स्क्रैप मिशन के तहत इस उपलब्धि को हासिल करते हुए पश्चिम रेलवे ने उत्तर रेलवे के ४०३ करोड़ रुपये (२०११-१२) का कीर्तिमान तोड़ा है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र भाकर के अनुसार, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ए.के. गुप्ता और प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक जे.पी. पाण्डेय के निर्देशन में पश्चिम रेलवे की सामग्री प्रबंधन टीम ने मिशन जीरो स्क्रैप के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में स्क्रैप आइडेंटिफिकेशन, मोबिलाइजेशन और विभिन्न रेलवे परिसरों में पड़े हुए स्क्रैप की बिक्री के लिए अभियान चलाया था। इसके लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स कमिटी बनाई गई। नियमित बैठकों का आयोजन, निरीक्षण और स्क्रैप डिस्पोजल के लिए अभिनव तरीकों का प्रयोग किया गया। मार्च, २०१९ में सर्वे के दौरान रेल मंत्रालय के रेलवे स्टोर्स के महानिदेशक वी.पी. पाठक ने प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक तथा अन्य भंडार विभाग के अधिकारियों सहित सभी ऑक्शन कंडक्टिंग ऑफिसरों के साथ ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्रों को आयोजित किया और पश्चिम रेलवे पर जीरो स्क्रैप के लक्ष्य को पाने के लिए योजना बनाने की सलाह दी।

## आईआईटी-बी लैब में तीन विद्यार्थी झुलसे

संवाददाता

**मुंबई :** शुक्रवार को मुंबई आईआईटी की लैब में प्रैक्टिकल के दौरान गुब्बारा फटने से तीन विद्यार्थी झुलस गए। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में प्रभावित लोगों को कॉलेज के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद ऐरोली स्थित नैशनल बर्न सेंटर भेज दिया गया। यहां सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर १२.३० बजे ३ लोग कॉलेज की लैब में एक परीक्षण कर रहे थे। वे गुब्बारे में हाइड्रोजन भर रहे थे कि अचानक वह फट गए। गुब्बारा फटने के बाद तुषार जाधव, प्रशांत सिंह और रजत कुमार १०-१६ प्रतिशत तक झुलस गए। कॉलेज में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद सभी लोगों को बर्न सेंटर भेज दिया गया। नैशनल बर्न सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों की स्थिति सामान्य है। अस्पताल में कुछ दिनों के लिए उन्हें निगरानी के लिए रखा जाएगा। आईआईटी-बी की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तुषार जाधव २०१२ में आईआईटी-बी से पास हुए थे, जबकि बाकी के दो विद्यार्थी उनके इंटर्न थे। तुषार मुंबई आईआईटी में पार्ट टाइम स्टाफ हैं। मुंबई का आईआईटी विश्व स्तर का मानक शिक्षण संस्थान है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में 'ग्राउंड-ब्रेकिंग रिसर्च' होती रहती है। इनमें से कुछ परीक्षण बेहद खतरनाक भी होते हैं। ऐसे में देश के सबसे तेजस्वी विद्यार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। यहां इस्तेमाल होने वाले उपकरण विश्वस्तर के होने चाहिए और उनके रखरखाव और सुरक्षा उपायों पर खास ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

## दलित पैंथर का शिवसेना को समर्थन



**मुंबई :** वरिष्ठ दलित नेता नामदेव ढसाल की पत्नी व दलित पैंथर की अध्यक्षा मल्लिका नामदेव ढसाल ने शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में शिवसेना को अपना समर्थन घोषित किया है। मल्लिका नामदेव ढसाल ने शुक्रवार को 'मातोश्री' निवासस्थान पर शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। भीमशक्ति व शिवशक्ति का पिछले कई वर्षों से ऋणानुबंध है। यह आगे भी कायम रहे इसलिए शिवसेना को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का निर्णय लिए जाने की बात मल्लिका ढसाल ने कही है। उन्होंने कहा कि वे शिवसेना प्रत्याशियों का प्रचार भी करेंगी। इस मौके पर शिवसेना सांसद राहुल शेवाले, पैंथर के उपाध्यक्ष बालासाहेब पडवल, महासचिव अरविंद मोरे, केंद्रीय कार्याध्यक्ष यशवंत नडगम तथा प्रताप रावल आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नवी मुंबई मनपाकर्मियों की डिजिटल निगरानी शुरू

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपाकर्मियों की डिजिटल निगरानी शुरू हो गई है। इस समय मनपा के करीब १ हजार कर्मचारियों को जिओ फेंसिंग एंड ट्रेकिंग प्रणालीयुक्त घड़ी (जीपीएस) प्रणालीयुक्त 'स्मार्ट वॉच' पहना दी गई है। ये सभी कर्मचारी बेलापुर विभाग में कार्यरत हैं। स्मार्ट वॉच पहले सभी एक हजार कर्मचारियों पर मनपा मुख्यालय में बैठे ४ लोगों का दस्ता ऑनलाइन निगरानी कर रहा है। नवी मुंबई मनपा इन घड़ियों की खरीदारी पर कुल ११ करोड़ ५१ लाख ०१ हजार रुपये खर्च करने वाली है। इस तरह से देखें, तो एक घड़ी करीब १३,२३० रुपये में पड़ेगी। यह दस्ता जीपीएस घड़ी पहने १ हजार कर्मचारियों की हर हरकत पर नजर रख रहा है। मनपा सूत्रों ने बताया कि करीब दो सप्ताह में ३ हजार और जीपीएस प्रणालीयुक्त घड़ियां आ जाएंगी। इन घड़ियों को अन्य ३ हजार मनपाकर्मियों को पहनाया जाएगा।

**सभी पहनेंगे स्मार्ट वॉच**

इस समय नवी मुंबई मनपा प्रशासन में कुल ८,७०० कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें करीब ३ हजार कर्मचारी स्थायी और शेष ५,७०० कर्मचारी ठेके व निश्चित मानधन पर कार्यरत हैं। स्मार्ट वाच के प्रस्ताव को मनपा की स्थायी समिति ने अक्टूबर २०१८ में अपनी मंजूरी दी थी। उसके बाद निविदा प्रक्रिया और अनेक तकनीकी संसाधनों को जुटाने के बाद अंततः इसे शुरू कर दिया गया है। योजना के अनुसार प्रायोगिक तौर पर पहली बार स्मार्ट वाच पहनाए गए १ हजार कर्मचारियों से मिले डाटा के आधार पर इसे अन्य सभी मनपाकर्मियों को पहनाया जाएगा।

## मालिक की अंतिम यात्रा में साथ रहा श्वान

**मुंबई :** 'तेरी मेहरबानियां' इस चर्चित फिल्म का नजारा कल अंधेरी में देखने को मिला। जब एक मालिक की अंतिम यात्रा में उनका वफादार श्वान (कुत्ता) लक्की भी पहुंचा था। इस दृश्य को देखकर कल सैकड़ों लोगों की आंखें भर आईं। गत बुधवार की रात ८ बजे अंधेरी गुंदवली के समाजसेवक दिलीप कथूरे की हृदय गति रुक जाने के कारण अचानक मौत हो गई। इस मौत के बाद इलाके के लोगों के साथ-साथ एक और भी था, जिसे अपने उस मालिक के जाने की भनक लग गई थी वह था लक्की नाम का कुत्ता। जिसके हाथों वह रोज खाना खाता था, शुक्रवार को दिलीप (दादा) की शव यात्रा निकलने को तैयार थी। इलाके के साथ-साथ ही दादा का अपना दोस्त उनका कुत्ता लक्की शव यात्रा की वैन पर जाकर बैठ गया और गुंदवली से लेकर पारसीवाड़ा श्मशान भूमि तक वह वैन में ही बैठा रहा, उसकी आंखें नम थीं और वह अपने मालिक को भाव-भीनी विदाई देकर ही लौटा उन सारे लोगों की तरह जो अपना रिश्ता निभाने उस अंतिम यात्रा में शामिल हुए थे। दोनों का प्यार देखकर सभी की आंखों में आंसू आ गए।

## पूत ही बन गया पापी, मां की बेरहमी से हत्या

**भाइंदर :** मानवता को कलंकित करनेवाली एक घटना कल भाइंदर में घटी जहां एक कलियुगी पूत ही पापी बन गया और उसने अपनी ही मां का सिर फर्श पर पटक-पटक कर निर्मम हत्या कर दी। यह घटना भाइंदर-पश्चिम के मांडवी तालाब के सामने स्थित प्रतीक्षा इमारत के पहली मंजिल पर शनिवार की सुबह ८.३० बजे घटी। जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने उसके फ्लैट में बाहर से कुंडी लगाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी बेटे सोमनाथ मित्रा (४५) को गिरफ्तार कर लिया है।

भाइंदर पुलिस के अनुसार मूलरूप से बंगाल का रहनेवाला सोमनाथ डेढ़ साल से प्रतीक्षा अपार्टमेंट में अपनी मां रमा मित्रा के साथ (८०) रहता था। उसके पिता और बड़े भाई की मौत पहले ही हो चुकी थी। सोमनाथ ने शादी भी नहीं की थी। टूर्स एंड ट्रैवेल्स कंपनी में काम करनेवाले सोमनाथ की नौकरी कुछ माह पूर्व छूट गई थी, तबसे वह बेरोजगार था। दिन पर दिन घर की आर्थिक हालत खराब होते जा रही थी। यहां तक कि चर्च की मदद से उनका खर्च चल रहा था। इस बात से मां रमा मित्रा नाराज रहती थीं। दोनों के बीच कहासुनी और झगड़ा होता था।

शनिवार की सुबह भी इन्हीं बातों को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। रोज की किच-किच से तंग आकर सोमनाथ ने अपनी मां की निर्मम हत्या कर दी। हत्या करने का अपराध सोमनाथ ने स्वीकार कर लिया है। मामले की जांच भाइंदर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत जाधव कर रहे हैं।

# मनपा परिवहन सेवा बदहाल, ५८ में मात्र २६ बसें सड़क पर



**भाइंदर :** मीरा-भाइंदर मनपा द्वारा संचालित परिवहन सेवा अपनी बदहाली पर रो रही है। १,५०० करोड़ रुपए बजटवाली मनपा में परिवहन सेवा सुधरने की बजाय दिन-ब-दिन लड़खड़ाती जा रही है। परिणामस्वरूप परिवहन सेवा में तैनात ५८ बसों में से मात्र २६ बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आ रही हैं।

बता दें कि २०१५ से नए ठेके पर स्थानीय बस सेवा मनपा द्वारा शुरू की गई है। जबकि २०१६ में पांच एसी बस खरीदी गई थीं। कुल मिलाकर मनपा परिवहन विभाग द्वारा ५८ बसें अलग-अलग किश्तों में खरीदी गई थीं लेकिन पिछले कुछ महीनों से ५८ बसों में मात्र २६ बसें ही सड़कों पर चल रही हैं शेष ३२ बसें खराब होने के कारण प्लीजेंट पार्क स्थित बस डिपो में खड़ी हैं। मीरा-भाइंदर शहर में कुल २७ मार्गों के बदले मात्र १५ मार्गों पर ही बसें चल रही हैं।

**मरम्मत पर करोड़ों खर्च**

मनपा परिवहन विभाग ने पिछले तीन वर्षों में बसों की मरम्मत पर दो करोड़ रुपए खर्च किए हैं। बसों की मरम्मत का काम हुआ या सिर्फ दिखावा कर बिल बनाया गया, इसका अंदाजा डिपो में खड़ी बसों को देखकर ही लगाया जा सकता है। एक बस कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरम्मत के नाम पर सिर्फ थूक-पट्टी की जाती है।

**दूर-दराज के छात्र परेशान**

गौरतलब है कि मीरा-भाइंदर के उत्तन, पाली, गोराई, मनोरी जैसे दूर-दराज इलाकों में रहनेवाले छात्र मनपा बस सेवा का ही उपयोग करते हैं। कुछ दिनों बाद सभी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू होनेवाली हैं। ऐसे में उपयुक्त बस सुविधा नहीं होने के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है।

# रेलवे में खाना-पीना बंद, शरबत के बाद वड़े-समोसो पर बंदी

## रेलवे में जाना है तो पैक्ड फूड खाना है

- स्टेशनों के खान-पान को लेकर रेलवे अलर्ट
- सारे फूड स्टॉलों का होगा निरीक्षण
- खराब गुणवत्ता की आई हैं कई शिकायतें
- रेलवे के साथ एफडीए भी करेगा निरीक्षण
- अस्वच्छ फूड स्टालों पर की जाएगी कार्रवाई
- उनका लाइसेंस हो सकता है निलंबित
- वड़ा पाव-समोसे पर लग सकती है पाबंदी
- पैक्ड फूड बेचने पर कोई रोक नहीं



**संवाददाता**

**मुंबई :** कुर्ला रेलवे स्टेशन पर नींबू-पानी बनाने का वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे प्रशासन ने सभी तरह के शरबत की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। अब इसी तरह आनेवाले दिनों में रेलवे स्टेशनों पर बेचे जानेवाले वड़ा और समोसा पर भी पाबंदी की गाज गिर सकती है। इस संबंध में रेल प्रशासन और एफडीए के बीच विचार-विमर्श शुरू है। ऐसे में अब रेलवे में सफर करना है तो मुसाफिरों को पैक्ड फूड ही खाना होगा।

बता दें कि कुर्ला में नींबू-पानी प्रकरण के बाद हाल ही में मध्य रेलवे ने अपने सभी स्टेशनों पर शरबत की बिक्री पर पूरी तरह से बंदी लगा दी है। इसके बाद रेलवे प्रशासन स्टेशनों पर बिकनेवाले वड़ा और समोसा पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। बताया जाता है कि वड़ा और समोसा बनाते समय भी स्वच्छता की अनदेखी की जाती है। बार-बार इस्तेमाल किए गए तेलों में वड़ा और समोसे को तला जाता है। इस्तेमाल किए जानेवाले तेल की गुणवत्ता भी घटिया स्तर की होती है, जिससे हृदय संबंधित बीमारियों का यात्री शिकार हो सकते हैं। इसके पहले भी वड़ा-पाव और समोसा में कीड़े मिलने की घटनाएं हुई हैं और उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। नींबू पानी के बाद समोसे को लेकर सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें समोसे पर पैर रखकर सोता हुआ एक व्यक्ति दिखाई दे रहा था। इन्हीं सब बातों को गंभीरता से लेते हुए एफडीए और रेलवे प्रशासन वड़ा और समोसे पर पाबंदी लगाने का विचार कर रहा है। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन रेलवे के सभी बुक स्टॉलों पर अखबार और किताबों के अलावा पैक्ड फूड बेचने के दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

# कृत्रिम चेहरा खोलेगा कत्ल का राज

**मुंबई :** हत्या जैसे जघन्य अपराधों में गिरफ्तारी से बचने के लिए हत्यारे अक्सर सबूत मिटाने की कोशिश करते हैं। इसके लिए लाश को गुम करने या मृतक का चेहरा बिगाड़ कर उसकी पहचान को छिपाने का प्रयास किया जाता है लेकिन अब ऐसे मामलों में हत्यारों का बचना आसान नहीं होगा। नई तकनीकों से मृतक का कृत्रिम चेहरा उनकी पहचान उजागर कर देगा और यह हत्यारों को दबोचने में पुलिस के लिए मददगार सिद्ध होगा। नवघर पुलिस की हद में मिली एक लावारिस लाश के मामले में केईएम अस्पताल के डॉक्टरों की मदद से पुलिस कुछ ऐसी ही तरकीब अपना रही है।

बता दें कि २७ जनवरी को मुलुंड में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे के पास पुलिस को एक लावारिस लाश मिली थी। किसी भारी वस्तु से कूच कर तथा बाद में जलाकर मृतक का चेहरा बुरी तरह बिगाड़ दिया गया था। हत्यारे नहीं चाहते थे कि मृतक की पहचान सामने आए। उक्त मृतक की शिनाख्त के लिए मामले की जांच कर रही नवघर पुलिस ने पहले पारंपरिक तरीके आजमाए। पुलिस ने मुंबई और आसपास के सभी पुलिस थानों को इस लाश के बारे में सूचना दी तथा तमाम थानों में दर्ज गुमशुदा व्यक्तियों के रिकॉर्ड को भी खंगाला लेकिन कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। अंतत: नवघर पुलिस ने केईएम अस्पताल के फॉरेन्सिक विशेषज्ञों से मृतक की पहचान के लिए मदद मांगी। डॉ. हरीश पाठक की अगुवाई में केईएम अस्पताल की फॉरेन्सिक टीम ने मृतक के चेहरे को री-कंस्ट्रक्ट करने के लिए सुपर इंपोजिशन टेक्नोलॉजी का सहारा लिया। एडवांस टेक्नोलॉजी की मदद से फॉरेन्सिक टीम ने चेहरा री-कंस्ट्रक्ट करके भेजा है। इसके लिए जबड़े और हड्डियों की पैमाइश, ठुड्डी की बनावट, नाक की जगह और त्वचा के विश्लेषण का सहारा लिया गया। अब इस कृत्रिम चेहरे की तस्वीर मुंबई और आसपास के क्षेत्रों के सभी पुलिस स्टेशनों सहित राज्य पुलिस के मुख्य कंट्रोल को भेजी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि इस कृत्रिम चेहरे से जल्द ही मृतक की शिनाख्त हो जाएगी और पुलिस हत्यारे तथा हत्या की वजह ढूंढ़ने में सफल होगी।

# भगोड़ों की शामत, दो वांछित वर्षों बाद धराए

**मुंबई :** मुंबई पुलिस के लिए कल का दिन उपलब्धियों वाला रहा। इसमें दो अलग-अलग मामलों में वर्षों से फरार दो भगोड़े पुलिस के हत्थे चढ़ गए, जिनमें बिहार में फिरौती के लिए अपहरण व हत्या के दो मामलों में १६ साल से फरार आरोपी की गिरफ्तारी भी शामिल है।

बता दें कि वर्ष २००१ और २००३ में बिहार के नालंदा जिले में फिरौती के लिए दो लोगों का अपहरण किया गया था, बाद में अपहृतों की हत्या कर दी गई थी। इसकी शिकायत नालंदा जिले के अष्टवन (सारे) पुलिस थाने व अष्टवन (बिंद) पुलिस थानों में दर्ज हुई थी। इस मामले में वांछित आरोपी जयराम कुमार कांताप्रसाद पिछले १६ वर्षों से मुंबई के गोरेगांव इलाके में नाम बदलकर रह रहा था। हाल ही में बिहार पुलिस को इसकी टिप लग गई। बिहार पुलिस के अधीक्षक ने इस बारे में जोन-११ के पुलिस उपायुक्त संग्रामसिंह निशानदार से मदद मांगी थी। निशानदार के मार्गदर्शन तथा गोरेगांव पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजीव भोले के नेतृत्व में पीएसआई संदीप पाचांगणे की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मोतीलाल नगर इलाके से आरोपी जयराम को ढूंढ़ निकाला। इसी तरह मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच की यूनिट-८ ने वसूली मामले में २५ वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक उर्फ विक्की नारायण रुकय्या के खिलाफ वर्ष १९९१ में जोगेश्वरी पुलिस थाने में वसूली का मामला दर्ज हुआ था। वह कई वर्षों से भायंदर-पूर्व में नाम बदलकर रह रहा था।

# स्कूटर से देसी दारू की तस्करी, दो गिरफ्तार

**भिवंडी :** भिवंडी में स्कूटर पर अवैध देसी दारू की तस्करी करनेवाले दो युवकों को नारपोली पुलिस ने जाल बिछाकर गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार काल्हेर पाइप लाइन रोड से होकर जय माता दी कंपाउंड में जानेवाले रोड पर स्कूटर पर प्लास्टिक के बैग में अवैध देसी दारू भरकर दो युवक बिक्री के लिए काल्हेर ले जा रहे थे। इस बात की जानकारी मुखबिर द्वारा नारपोली पुलिस को मिली। खबर मिलते ही पुलिस ने काल्हेर पाइप लाइन पर जाल बिछाकर स्कूटर से अवैध देसी दारू ले जा रहे संतोष पाटील (४०) व आशीष माली (१९) को गिरफ्तार कर लिया। नरपोली पुलिस ने गिरफ्तार उक्त दोनों आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय ने दोनों को पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है।

# सरकार लौटाएगी म्हाडा को ८०० करोड़

## मामला धारावी विकास प्रकल्प की जमीन का

**मुंबई :** समृद्धि महामार्ग के लिए एक हजार करोड़ म्हाडा से लेनेवाली सरकार अब धारावी विकास प्रकल्प की जमीन के लिए ८०० करोड़ रुपए मांग रही है। म्हाडा कर्मचारी और अधिकारियों के विरोध के बाद सरकार ने तीन महीने में इस ८०० करोड़ रुपए को म्हाडा को वापस करने का एलान किया है। म्हाडा यूनियन के पदाधिकारियों ने दो दिन पूर्व म्हाडा उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर इस पर आपत्ति जताई थी। बता दें कि म्हाडा के पास विभिन्न बैंकों में दो हजार करोड़ रुपया जमा है, जिसमें कर्ज के तौर पर सरकार म्हाडा से मांग रही है।

गौरतलब है कि धारावी विकास प्रकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने रेलवे से तीन हजार आठ सौ करोड़ में जमीन खरीदी है। इतनी बड़ी रकम के लिए राज्य सरकार ने म्हाडा की तिजोरी से ८०० करोड़ रुपए कर्ज के तौर पर मांगा है। इसके पहले भी कई बार सरकार म्हाडा से पैसे ले चुकी है। सरकार ने ४५ एकड़ रेलवे की जमीन पर ट्रांजिट कैंप बनाकर धारावीकरों को पुनर्वसन करने का निर्णय लिया है। इस खबर के बाद म्हाडा यूनियन व कर्मचारियों को अपने वेतन का डर सताने लगा। म्हाडा डूबने के भय से यूनियन ने पत्र द्वारा अपना विरोध दर्शाया। कल मुख्यमंत्री ने म्हाडा मुंबई मंडल सभापति मधु चव्हाण व अन्य पदाधिकारियों की बैठक लेकर इसे तीन महीने में ब्याज सहित लौटाने की बात कही है।

# गर्मियों में मिलेगी राहत, चलेंगी जयपुर, अजमेर, जम्मूतवी और गोरखपुर के लिए विशेष ट्रेनें

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई से जयपुर, अजमेर, जम्मूतवी और गोरखपुर के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये सभी विशेष ट्रेनें विशेष किराए के साथ चलेंगी। सभी ट्रेनों की बुकिंग ३१ मार्च से शुरू हो जाएगी। गर्मियों की छुट्टियों के चलते यात्रियों की संख्या बहुत बढ़ जाती है। ऐसे में ट्रेनों में रिजर्वेशन मिलना मुश्किल होता है। विशेष ट्रेनें शुरू होने से लोगों को कुछ राहत मिलेगी।



**१. बांद्रा-जयपुर (साप्ताहिक)**

ट्रेन सं. ०९७२४ बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार सुबह ०६.१५ बजे रवाना होकर अगले दिन ०३.१० बजे जयपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन ४ अप्रैल से २७ जून तक चलेगी। इसी प्रकार, वापसी यात्रा में ट्रेन सं. ०९७२३ जयपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन जयपुर से प्रत्येक बुधवार सुबह ०८.१० बजे रवाना होकर अगले दिन ०४.४५ बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन ३ अप्रैल से २६ जून तक चलेगी।

**२. बांद्रा-अजमेर (साप्ताहिक)**

ट्रेन सं. ०९६२२ बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार सुबह ०६.१५ बजे रवाना होकर अगले दिन ०३.४० बजे अजमेर पहुंचेगी। यह ट्रेन ८ अप्रैल से १ जुलाई तक चलेगी। इसी प्रकार, वापसी में ट्रेन सं. ०९६२१ अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेन अजमेर से प्रत्येक रविवार सुबह ०६.३५ बजे रवाना होकर अगले दिन ०४.४५ बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन ७ अप्रैल से ३० जून तक चलेगी।

**३. बांद्रा-जम्मूतवी (साप्ताहिक)**

ट्रेन सं. ०९०२१ बांद्रा टर्मिनस-जम्मूतवी साप्ताहिक एसी सुपरफास्ट विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार सुबह ०५.१० बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन १५.३० बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। यह ट्रेन १५ अप्रैल से २४ जून तक चलेगी। इसी प्रकार, वापसी में ट्रेन सं. ०९०२२ जम्मू तवी साप्ताहिक एसी सुपरफास्ट विशेष ट्रेन जम्मूतवी से प्रत्येक बुधवार को २.३० बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को १०.२० बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन १७ अप्रैल से २६ जून तक चलेगी।

**४. बांद्रा-गोरखपुर (साप्ताहिक)**

ट्रेन सं. ८२९०९ बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक सुविधा विशेष ट्रेन प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से सुबह ६.४० बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन १८.२० बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन १३ अप्रैल से २५ मई तक चलेगी। इसी प्रकार वापसी में ट्रेन सं. ८२९१० गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुविधा विशेष ट्रेन प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से २१.२० बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को ९.२० बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन १४ अप्रैल से २६ मई तक चलेगी। इसके अलावा यह ट्रेन १ जून से २९ जून तक यही ट्रेन, इसी दिन ट्रेन सं. ०९०१५ बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर और वापसी में २ जून से ३० जून तक ट्रेन सं. ०९०१६ गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष ट्रेन प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से २१.२० बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को ९.२० बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

# पीतल के आड़ में सोना ही सोना, समुद्र से तस्करी का नया मार्ग

## गुजरात के रास्ते दुबई से मुंबई ११० किलो सोना पकड़ा गया २ करोड़ कैश भी बरामद, ७ धराए



**मुंबई :** कस्टम विभाग एवं अन्य जांच एजेंसियों के तमाम प्रयासों के बावजूद मुंबई में सोने की तस्करी बढ़ती ही जा रही है। ताजा मामले में डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) मुंबई के डोंगरी और जवेरी बाजार इलाके से १३५ किलो सोना जब्त किया है। यह सोना दुबई से समुद्र के रास्ते गुजरात लाया गया था। गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पीतल का कबाड बोल कर इसे उतारा गया और फिर मुंबई भेज दिया गया।ड़ीआरआई ने इस मामले में ७ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। आरोपियों के पास से लगभग ३५ करोड़ रुपए के सोने के साथ २ करोड़ रुपए भी बरामद हुए हैं, जो कि जांच एजेंसियों को मिली इस साल की सबसे बड़ी सफलता बताई जा रही है।

बता दें कि मुंबई:राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दावा किया है कि उसने लगभग ११० किलोग्राम सोना जब्त करके इस मामले में सात लोगों की गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डीआरआई ने डोंगरी इलाके में दो वाहनों में छिपाकर रखे गए ७५ किलोग्राम तस्करी के सोने को जब्त कर लिया और इस मामले में अब्दुल अहद जारोदारवाला, शेख अब्दुल अहद और शोएब कारोदारवाला को हिरासत में लिया। शोएब और अब्दुल अहद काारोदरवाला ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि उन्हें निसार अलियार नाम के एक आदमी से कुल २०० किलोग्राम से अधिक तस्करी का सोना मिला था। इन्होंने बताया कि दोनों ने दलाली पर थोक बाजार में तस्करी का सोना बेचा और उनके ग्राहकों में से एक राजू उर्फ मनोज जैन थे, जिन्होंने पूर्व में उनसे लगभग १०० किलोग्राम तस्करी का सोना खरीदा था। इस मामले में अकिल फ्रूटवाला और हैप्पी धाकड़ नाम के व्यक्तियों की संलिप्तता भी सामने आई। निसार ने दुबई से भारत में २०० किलो सोने के तस्करी की बात स्वीकार की है। इन सातों लोगों को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी ( पश्चिम ), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह